## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 28.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. संसद का बजट सत्र आज से होगा शुरू, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त अधिवेशन को करेंगी संबोधित, कल सदन में पेश होगा आर्थिक सर्वेक्षण।
2. राज्य में नगर निकाय चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू, सभी जिलों में आज निर्वाचन संबंधी सूचना का होगा प्रकाशन, कल से भरे जाएंगे पर्चे।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– दावोस में विश्व आर्थिक मंच में झारखंड की भागीदारी ऐतिहासिक, वैश्विक सम्मेलन के मिले अनुभवों से राज्य में विकास को मिलेगी गति।
4. पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के खिलाफ चाईबासा एमपी– एमएलए कोर्ट ने तय किए आरोप, वर्ष 1993 में झारखंड बंद के दौरान हुए विस्फोट से जुड़ा है पूरा मामला।

और

5. रांची में एसजीएफआई अंडर–17 हॉकी प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन, झारखंड के बालक और बालिका टीम ने शानदार जीत के साथ किया आगाज।

*******************

संसद का बजट सत्र आज से आरंभ होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु संसद के दोनों सदनों– लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को संबोधित करेंगी। कल, आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा जबकि केन्द्रीय बजट रविवार एक फरवरी को पेश होगा। बजट सत्र का पहला चरण आज से 13 फरवरी तक चलेगा। दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होगा। बजट सत्र के दौरान सदन की 30 बैठकें होंगी।

*******************

राज्य में नगर निकाय चुनाव को लेकर आज जिलों में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र पांच में निर्वाचन की सूचना प्रकाशित की जाएगी। वहीं, 23 फरवरी को होने वाले नामांकन की प्रक्रिया कल से शुरू होगी। इधर, निकाय चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। वहीं, रांची, देवघर, रामगढ़, बोकारो लातेहार गढ़वा और हजारीबाग समेत सभी जिलों में जिलों में जिलों म निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और हिंसा रहित करने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई है। रांची के उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से रांची नगर निगम और बुंडू नगर पंचायत के चुनाव से संबंधित जानकारी दी।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक में झारखंड की भागीदारी एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस वैश्विक सम्मेलन के अनुभव से राज्य में विकास को नई गति देने में मदद मिलेगी। दावोस और यूनाइटेड किंगडम की सफल यात्रा के बाद रांची लौटने पर वे मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा राज्य में विभिन्न क्षेत्र में संभावनाओं को लेकर वैश्विक स्तर पर उद्योगपतियों, निवेशकों, विशेषज्ञों और देश–विदेश के प्रतिनिधियों के साथ के साथ सार्थक वार्ता हुई और उन्होंने निवेश के साथ अन्य क्षेत्रों में सहयोग और आपसी साझेदारी पर सहमति जताई।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जामताड़ा जिले की रानीडीह पंचायत में आयोजित विकसित भारत – जी राम जी जन चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गांवों के विकास और मजदूरों को काम मिले, इसका विशेष ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज हर गांव में बिजली, पानी और सड़क की सुविधा पहुंच रही है।

*******************

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज झारखंड के पार्टी नेताओं के साथ नई दिल्ली में बैठक करेंगे। इस बैठक में झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री, सांसद, विधायक दल के नेता और उप नेता विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। बैठक में पार्टी की राजनीतिक प्राथमिकताओं संगठन मजबूती पर चर्चा होगी।

*******************

चाईबासा में एमपी–एमएलए की विशेष अदालत ने 1993 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के बुलाए गए झारखंड बंद के दौरान हुए विस्फोट मामले में पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। इस तरह लगभग तीन दशक बाद इस मामले में न्यायिक कार्रवाई शुरू होगी। वहीं, चंपई सोरेन ने एमपी एमएलए अदालत में उपस्थित होकर अपने को निर्दोष बताया।

*******************

जमशेदपुर पुलिस अपहृत युवा उद्यमी की सकुशल बरामदगी के बाद उसके अपहरण में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने कहा कि अपहरण के इस मामले की सघनता से जांच हो रही है।

*******************

धनबाद जिले में तीन फरवरी से शुरू होने वाले जैक की माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन आवश्यक कदम उठा रहा है। उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को अपने–अपने क्षेत्र में सभी परीक्षा केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा है।

*******************

राज्य के उत्तर पश्चिम इलाके में आज हल्की बारिश होने की संभावना है जबकि अन्य हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के ज्यादातर जिलों में अधिकतम तापमान 25 से 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम पारा 10 डिग्री के ऊपर रहा। इस वजह से ठंड का असर अब कम हो चला है।

*******************

राजधानी रांची की मेजबानी में 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के तहत अंडर 17 हॉकी प्रतियोगिता का भव्य आगाज हुआ। झारखंड स्कूली शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता के बालक वर्ग में 32 और बालिका वर्ग में 31 टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहले दिन झारखंड बालक टीम ने सीआईएससीई पर छह–शून्य और बालिका टीम ने उत्तर प्रदेश पर दो–शून्य से शानदार जीत दर्ज की।

*******************

**और अब प्रमुख अखबारों की सुर्खियां**

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले सभी प्रमुख अख़बारों ने नगर निकाय चुनाव की घोषणा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– इयू से दोस्ती, अमेरिका को संदेश, अपनी शर्तों पर नहीं झुकेगा भारत।

**हिंदुस्तान** ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा – डब्ल्यूईएफ के अनुभवों से विकास को गति मिलेगी।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– रिम्स में नर्स से हाथापाई, डेढ़ घंटे तक इमरजेंसी ठप।

**दैनिक जागरण** ने जमशेदपुर के उद्योगपति देवांग गांधी के अपहृत पुत्र के सकुशल बरामदगी की खबर को प्रमुखता दी है।

*******समाप्त*******